वॉश कार्यक्रम

drishtiias.com/hindi/printpdf/a-wash-for-healthcare

संदर्भ

स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ती संख्या के बावजूद स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार न होना अत्यधिक चिंताजनक है। इसका एक प्रमुख कारण स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाली सेवाओं सहित वॉश (Wate adequate, Sanitation and Hygiene-WASH) सुविधाओं का अभाव होना है। 2016 के आँकड़ो के अनुसार, 1.5 बिलियन लोगों के पास कोई सफाई सुविधा उपलब्ध नहीं है। यही स्थिति कमोबेश स्वास्थ्य केंद्रों की भी है। इसी चिंता के मद्देनज़र विश्व स्वास्थ संगठन और यूनिसेफ द्वारा वैश्विक स्तर पर वॉश कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

प्रमुख बिंदु:

- मार्च 2019 में नई दिल्ली में संपन्न WHO की एक बैठक में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage) के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये वॉश कार्यक्रम में सुधार की आवश्यकता की बात की गई। साथ ही दक्षिण एशिया में सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु इस कार्यक्रम के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला गया।
- वॉश कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्रों की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार किया जा सकता है। साथ ही सफाई के ग्रामीण शहरी विभाजन के आँकड़ों को भी कम किया जा सकता है।
- वॉश कार्यक्रम के लिये WHO और यूनिसेफ द्वारा निर्धारित मानकों को लागू किया जाना चाहिये। साथ ही इन मानकों के समान ही राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसे मानकों का निर्धारण किया जाना चाहिये।
- इन मानकों को लागू करने के लिये स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, नर्सों और सफाईकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिये जिससे इन क्षेत्रों में सफाई की एक संस्कृति को विकसित किया जा सके।\

WASH रणनीति

WASH 'जल, सफाई एवं स्वच्छता' का संक्षिप्त रूप है। WASH तक सार्वभौमिक, सस्ती एवं स्थायी पहुँच अंतर्राष्ट्रीय विकास हेतु एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है तथा सतत् विकास लक्ष्य 6 का केंद्रबिंदु है।

- स्वास्थ्य क्षेत्रों के सभी कामगारों को सूचना अभियानों के साथ-साथ संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण प्रक्रियाओं (Infection Prevention and Control Procedures-IPC) की जानकारी प्रदान की जानी चाहिये।
- वॉश संकेतकों से संबंधित डेटा को नियमित रूप से अद्यतित किया जाना चाहिये जिससे कार्यक्रम में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके। साथ ही WHO देशों के बीच डेटा साझा करके प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र की नीतियों और परिणामों के मध्य अंतर को कम किया जा सके।
- इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य असेम्बली में वॉश कार्यक्रम हेतु घरेलू और बाह्य निवेश को आकर्षित करने के लिये एक

प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) संयुक्त राष्ट्र संघ की एक विशेष एजेंसी है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य (Public Health) को बढ़ावा देना है।
- इसकी स्थापना 7 अप्रैल, 1948 में हुई थी। इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में है।
- WHO संयुक्त राष्ट्र विकास समूह (United Nations Development Group) का सदस्य है।

यूनिसेफ:

- यूनिसेफ का गठन वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र के एक अंग के रूप में किया गया था।
- इसका मुख्यालय जिनेवा में है। ध्यातव्य है कि वर्तमान में 190 देश इसके सदस्य हैं।
- वस्तुतः इसका गठन द्वितीय विश्वयुद्ध से प्रभावित हुए बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करने तथा उन तक खाना और दवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया था।

स्रोत: द हिंदू